an>

Title: Need to repair over bridge on river Ganga, part of N.H. 31 in Ballia Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

**श्री भरत सिंह (बलिया)** ः मैं उत्तर प्रदेश के बलिया लोक सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूँ। उत्तर प्रदेश के जनपद गाजीपुर से हाजीपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-31 सड़क मेरे संसदीय क्षेत्र बलिया (उत्तर प्रदेश) में भरौली गोलम्बर कस्बा से होते हुए सीधे जनपद बक्सर (बिहार) को जाती है। राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर मेरे संसदीय क्षेत्र में एक ओवर ब्रिज गंगा नदी पर बना हुआ है। इस ओवर ब्रिज का निर्माण लगभग 30 से 35 वर्ष पहले हुआ था। विगत 2 वर्ष से ओवर ब्रिज काफी जर्जर अवस्था में है जिसके कारण बिहार से आने वाले भारी वाहन या बलिया से जाने वाले भारी वाहन नहीं जा पाते हैं जिससे लाल नौरंग एवं कोमला आदि सीधे बिहार से उत्तर प्रदेश नहीं आ पाते।